हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat - 19 Apr 2024 - Page 3

## महिला विवि ने नेटवर्किंग कंपनी के साथ एमओयू हस्ताक्षर किया

# एमओयू नारी सशक्तिकरण के सिद्धांत को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगाः वीसी

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस का फ्री प्रशिक्षण दिया जाएगा

### अंतरराष्ट्रीय एवं तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना**



गोहाना। कंपनी के साथ एमओयू साइन करते महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां और प्रतिष्ठित नेटवर्किंग कंपनी सिस्को के बीच गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके अंतरराष्ट्रीय एवं तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस एमओयू का उद्देश्य छात्राओं को नेटवर्किंग तकनीक, ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग के साथ-साथ नेटवर्किंग एवं प्रोग्रामिंग स्किल्स को बढ़ावा देना है। कुलपति कार्यालय के कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित समारोह में दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस साझेदारी को औपचारिक रूप दिया।कुलपति प्रो. सुदेश के मार्गदर्शन में महिला विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. नीलम मलिक तथा सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि यह एमओयू बीपीएसएमवी और सिस्को के बीच सहयोग और तकनीक साझा करने की यात्रा की शुरूआत है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह साझेदारी छात्राओं, शिक्षकों व शोधकर्ताओं के लिए मूल्यवान अवसर पैदा करेगी। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि ये एमओयू नारी सशक्तिकरण के विश्वविद्यालय के मूल सिद्धांत को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने तकनीकी उत्कृष्टता और छात्राओं के लिए रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने में इस एमओयू को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सिस्को द्वारा एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के अलावा तकनीकी स्टाफ के लिए साइबर स्मार्ट कोर्स कराया जाएगा। साथ ही छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस का फ्री प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

डीन प्रो. विजय नेहरा, डॉ. सोनल, प्राचार्या किरण जिंदल, डॉ. विनोद सरोहा सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। सिस्को एवं एनआईआईटी की ओर से अखिलेश, तरुण शर्मा एवं आरिफ अहमद भी हस्ताक्षर समारोह में शामिल हुए।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat - 19 Apr 2024 - Page 4

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचीं महिला विवि की वीसी

# सभी क्षेत्र में अव्वल हैं हमारी छात्राएं : डॉ. सुदेश

■ छात्र/छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मनमोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में गुरूवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुदेश ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित करते हुए की। वार्षिक समारोह में छात्र/छात्राओं ने सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्र/छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें से



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के स्टाफ को सम्मानित करतीं हुईं भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति डा. सुदेश। *फोटो: हरिभूमि*

मुख्य कार्यक्रम सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत गीत, हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, गुजराती नृत्य, राजस्थानी नृत्य, नाटक का भव्य मंचन किया। इस दौरान बीपीएस खानपुर कलां की कुलपति डॉ. सुदेश ने महिला सहशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए कहा कि आज हमारी छात्राएं सभी क्षेत्र में अव्वल है चाहे वो शिक्षा को हो या खेल का। यह इसलिए संभव हो पाया कि लोगों ने शिक्षा के प्रति अपनी सोच को बदला है। आज हर मा-बाप अपनी बेटियों को शिक्षित करने के लिए उनके साथ खड़े रहते हैं। समारोह में अपर निदेशक एवं प्रधानाचार्य अनिल सहरावत संबोधित करते हुए संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट द्वारा संस्थान की गतिविधियों तथा उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूरे साल की कार्यकारिणी को मद्देनजर रखकर सर्वश्रेष्ठ विभाग का पुरस्कार इस वर्ष कम्प्यूटर इंजी0 विभाग को, प्रथम श्रेणी के पुरस्कार से तेजपाल रावत, द्वितीय श्रेणी के पुरस्कार से विकल्प एवं सत्यम तिवारी को संयुक्त रूप से, अतिथि प्राध्यापक के पुरस्कार से सोहन लाल को, एचकेआरएन डीईओ के पुरस्कार से गीताजंलि को, सेवादार सतेन्द्र तिवारी, सफाई कर्मचारी व माली अनिल को सम्मानित किया गया।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंडिया लीड सिसको से इश्विन्द्र, राष्ट्रीय प्रमुख अखिलेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक तरूण शर्मा, जीएम राजकृष्ण भारद्वाज, प्रतीक शर्मा, डा. प्रवीण, सुमन, टीपीओ सुपर्णा रावत, विभागाध्यक्ष तेजपाल रावत, प्रवेश सागंवान, पंकज मलिक, सुनील कुमार, राजीव वर्मा, कर्मशाला अधीक्षक दिनेश सिंह मोर, वरिष्ठ प्राध्यापक किरण, कुलदीप गुलियां, विरेन्द्र संधू, प्रध्यापक हरिदास कटारिया, स्वीटी छिक्कारा, कमलेश, माधुरी, कुनाल व सभी प्राध्यापक एवं अतिथि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# छात्राओं, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए मूल्यवान अवसर पैदा करेगी एमओयू सांझेदारी

गोहाना, 18 अप्रैल (रामनिवास धीमान): गोहाना के गांव खानपुर कलां भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित नेटवर्किंग कंपनी सिस्को ने आज एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके अंतर्राष्ट्रीय एवं तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस एमओयू का उद्देश्य छात्राओं को नेटवर्किंग तकनीक, ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग के साथ-साथ नेटवर्किंग एवं प्रोग्रामिंग स्किल्स को बढ़ावा देना है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति कार्यालय के कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस साझेदारी को औपचारिक रूप दिया। कुलपति प्रो. सुदेश के मार्गदर्शन में महिला विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. नीलम मलिक तथा सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि यह एमओयू बीपीएसएमवी और सिस्को के बीच सहयोग और तकनीक सांझा करने की यात्रा की शुरुआत है। यह साझेदारी छात्राओं, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए मूल्यवान अवसर पैदा करेगी। इस अवसर पर सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने कहा सिस्को द्वारा एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के अलावा तकनीकी स्टाफ के लिए साइबर स्मार्ट कोर्स कराया जाएगा। साथ ही छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के तहत सिस्को द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।



नेटवर्किंग कंपनी सिस्को के साथ एमओयू साइन करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

पंजाब केसरी
FRI,19 APRIL 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# महिला विश्वविद्यालय और नैटवर्किंग कम्पनी सिस्को में एम.ओ.यू. साइन

## एम.ओ.यू. का उद्देश्य नैटवर्किंग तकनीक, ऑप्रेटिंग सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग, नैटवर्किंग एवं प्रोग्रामिंग स्किल्स को बढ़ावा देना

गोहाना, 18 अप्रैल (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित नैटवर्किंग कंपनी सिस्को ने गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर साइन किए। इस एम.ओ.यू. का उद्देश्य छात्राओं को नैटवर्किंग तकनीक, ऑप्रेटिंग सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग के साथ-साथ नैटवर्किंग एवं प्रोग्रामिंग स्किल्स को बढ़ावा देना है।

वी.सी. कार्यालय के कांफ्रैंस कक्ष में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस सांझेदारी को औपचारिक रूप दिया। वी.सी. प्रो. सुदेश के मार्गदर्शन में रजिस्ट्रार डॉ. नीलम मलिक तथा सिस्को के इंडिया लीड इशविंद्र सिंह ने एम.ओ.यू. पर साइन किए।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि यह एम.ओ.यू. बी.पी.एस.एम.वी. और सिस्को के बीच सहयोग और तकनीक सांझा करने की यात्रा की शुरूआत है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सांझेदारी छात्राओं, शिक्षकों और शोधकर्त्ताओं के लिए मूल्यवान अवसर पैदा करेगी। प्रो. सुदेश ने कहा कि यह एम.ओ.यू. नारी सशक्तिकरण के विश्वविद्यालय के मूल सिद्धांत को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।




*सिस्को के इंडिया लीड इशविंद्र सिंह एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करते हुए। (अरोड़ा)*

### रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने में एम.ओ.यू. महत्वपूर्ण

**सिस्को** के इंडिया लीड इशविंद्र सिंह ने तकनीकी उत्कृष्टता और छात्राओं के लिए रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने में इस एम.ओ.यू. को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सिस्को द्वारा एन.आई.आई.टी फाऊंडेशन के सहयोग से महिला विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के अलावा तकनीकी स्टाफ के लिए साइबर स्मार्ट कोर्स कराया जाएगा। साथ ही छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत लर्निंग मैनेजमैंट सिस्टम, आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस, डाटा साइंस आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस समझौता ज्ञापन के तहत सिस्को द्वारा नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विजय नेहरा, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. सोनल, महिला पॉलिटैक्निक की प्रिंसीपल किरण जिंदल, डॉ. विनोद सरोहा, सिस्को एवं एन.आई.आई.टी. की ओर से अखिलेश, तरुण शर्मा एवं आरिफ अहमद भी मौजूद रहे।




: प्रात: साढ़े दस से दोपहर बारह
स तथा त्यौहार : कामदा एकादशी
लोत्सव, ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ।
डिल्य ज्योतिष रिसर्च सैंटर, 381,
ालंधर।

**धनु** : कामकाजी दशा संतोषजनक
मकाजी भागदौड़ भी
छा रिजल्ट देगी, शत्रु
नकी गिरफ्त में रहेंगे।

**मकर**: पेट में कुछ न कुछ गड़बड़ी रहेगी,
लिए बेतुके खान-पान से
ना चाहिए, सफर भी टाल
हितकर रहेगा।

**कुम्भ** : व्यापार तथा कामकाज की दशा
छी, कोशिशों, इरादों में
याबी मिलेगी, मगर तबीयत
छ चिड़चिड़ापन रहेगा।

**मीन**: विरोधी आपके लिए कोई न कोई
ड़ा जगाए रख सकते हैं,
लिए उनसे फासला रखें,
भी अशांत सा रहेगा।

# बीपीएसएमवी और सिस्को के बीच हुआ करार



खानपुर कलां, चेतना ब्यूरो। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित नेटवर्किंग कंपनी सिस्को के बीच छात्राओं को नेटवर्किंग तकनीक, ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग के साथ-साथ नेटवर्किंग एवं प्रोग्रामिंग स्किल्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति कार्यालय के कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में कुलपति प्रो सुदेश के मार्गदर्शन में महिला विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नीलम मलिक तथा सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि ये एमओयू बीपीएसएमवी और सिस्को के बीच सहयोग और तकनीक साझा करने की यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह साझेदारी छात्राओं, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए मूल्यवान अवसर पैदा करेगी।

इस मौके पर सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने तकनीकी उत्कृष्टता और छात्राओं के लिए रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने में इस एमओयू को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सिस्को द्वारा एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से बीपीएसएमवी के संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के अलावा तकनीकी स्टाफ के लिए साइबर स्मार्ट कोर्स कराया जाएगा। साथ ही छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस समझौता ज्ञापन के तहत सिस्को द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विजय नेहरा, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सोनल, महिला पॉलिटेक्निक की प्राचार्या किरण जिंदल, डॉ विनोद सरोहा सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे। सिस्को एवं एनआईआईटी की ओर से अखिलेश, तरुण शर्मा एवं आरिफ अहमद भी हस्ताक्षर समारोह में शामिल हुए।

# महिला विश्वविद्यालय और नेटवर्किंग कम्पनी सिस्को में हुआ एम.ओ.यू.



गोहाना मुद्रिका, 18 अप्रैल : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित नेटवर्किंग कंपनी सिस्को ने गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए। इस एम.ओ.यू. का उद्देश्य छात्राओं को नेटवर्किंग तकनीक, ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग के साथ-साथ नेटवर्किंग एवं प्रोग्रामिंग स्किल्स को बढ़ावा देना है।

वी.सी. कार्यालय के कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस साझेदारी को औपचारिक रूप दिया। वी.सी. प्रो सुदेश के मार्गदर्शन में रजिस्ट्रार डॉ नीलम मलिक तथा सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए।

वी.सी. प्रो सुदेश ने कहा कि यह एम.ओ.यू. बी.पी.एस.एम.वी. और सिस्को के बीच सहयोग और तकनीक साझा करने की यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह साझेदारी छात्राओं, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए मूल्यवान अवसर पैदा करेगी। प्रो सुदेश ने कहा कि यह एम.ओ.यू. नारी सशक्तिकरण के विश्वविद्यालय के मूल सिद्धांत को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।

सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने तकनीकी उत्कृष्टता और छात्राओं के लिए रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने में इस एम.ओ.यू. को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सिस्को द्वारा एन.आई.आई.टी .फाउंडेशन के सहयोग से महिला विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के अलावा तकनीकी स्टाफ के लिए साइबर स्मार्ट कोर्स कराया जाएगा। साथ ही छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस समझौता ज्ञापन के तहत सिस्को द्वारा नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विजय नेहरा, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ सोनल, महिला पॉलिटेक्निक की प्रिंसिपल किरण जिंदल, डॉ विनोद सरोहा, सिस्को एवं एन.आई.आई.टी. की ओर से अखिलेश, तरुण शर्मा एवं आरिफ अहमद भी मौजूद रहे।

Allen Solly Latest Collection
Allen Solly



Hindi News

# अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत नवीनतम तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा छात्राओं को

बीपीएसएमवी और सिस्को के बीच हुआ करार।

Girish Saini Apr 18, 2024 00:44





We are 600+ family strong
Yours could be next
HAMPTON HOMES

खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित नेटवर्किंग कंपनी सिस्को के बीच छात्राओं को नेटवर्किंग तकनीक, ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग के साथ-साथ नेटवर्किंग एवं प्रोग्रामिंग स्किल्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति कार्यालय के कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में कुलपति प्रो सुदेश के मार्गदर्शन में महिला विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नीलम मलिक तथा सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि ये एमओयू बीपीएसएमवी और सिस्को के बीच सहयोग और तकनीक साझा करने की यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह साझेदारी छात्राओं, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए मूल्यवान अवसर पैदा करेगी।

इस मौके पर सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने तकनीकी उत्कृष्टता और छात्राओं के लिए रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने में इस एमओयू को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सिस्को द्वारा एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से बीपीएसएमवी के संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के अलावा तकनीकी स्टाफ के लिए साइबर स्मार्ट कोर्स कराया जाएगा। साथ ही छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस समझौता ज्ञापन के तहत सिस्को द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विजय नेहरा, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सोनल, महिला पॉलिटेक्निक की प्राचार्या किरण जिंदल, डॉ विनोद सरोहा सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे। सिस्को एवं एनआईआईटी की ओर से अभिषेक, तरुण शर्मा एवं आरिफ अहमद भी हस्ताक्षर समारोह में शामिल हुए।

Tags: girl students latest technology international standards training

PREVIOUS ARTICLE
एमडीयू का फाउंडेशन डे 19 अप्रैल को

NEXT ARTICLE
Actor Vidya Balan compliments Master Aryan's soulful performance on Superstar Singer...

WHAT'S YOUR REACTION?

| LIKE | LOVE | FUNNY | ANGRY | SAD | WOW |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

RELATED POSTS

एमडीयू का फाउंडेशन डे 19 अप्रैल को
शेफ मंजीत सिंह गिल ने विद्यार्थियों से अपने पेशेवर कैरियर...
हरियाणा में विरासत संरक्षण विषय पर एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम...

COMMENTS

Name
Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment

FRIDAY 19TH OF APRIL 2024 10:28:32 AM

POPULAR POSTS
Weekly Posts
Panjab University announce successful funding of ground-breaking...
Jalandhar Dalit leader leaves Akali Dal, joins AAP
Eat plain yoghurt to lower diabetes risk, combat insulin...
Political stability, robust social security framework brought...
IANS Interview: INDIA bloc's victory in Tripura certain...

FOLLOW US
Facebook Twitter Pinterest Linkedin Youtube Email

RECOMMENDED POSTS
Lifestyle
UP's glass skywalk to open after Lok Sabha polls in Chitrakoot
Political stability, robust social security framework brought...
IANS Interview: INDIA bloc's victory in Tripura certain...
Eat plain yoghurt to lower diabetes risk, combat insulin...
IANS Interview: BJP creating confusion & fear in its bid...
IANS Interview: No Opposition leader can challenge PM Modi,...

CONTACT US
For advertisement, news, article, feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed by: TecheeFormation

8:11

Epaper
epaper.ajitsamachar.com

अजीत समाचार चंडीगढ़

# वार्षिक समारोह में इस वर्ष कमप्यूटर इंजी. विभाग के तेजपाल रावत को मिला प्रथम श्रेणी पुरस्कार

गोहाना, 18 अप्रैल (रामनिवास धीमान): राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में गुरूवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुदेश ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्ज्वलित करते हुए की। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें से मुख्य कार्यक्रम सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत गीत, हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, गुजराती नृत्य, राजस्थानी नृत्य, नाटक का भव्य मंचन किया। कुलपति डॉ. सुदेश ने कहा कि आज हमारी छात्राएं सभी क्षेत्र में अव्वल है चाहे वो शिक्षा को हो या खेल का। आज यह इसलिए संभव हो पाया कि लोगों ने छात्रों की शिक्षा के प्रति अपनी सोच को बदला है। आज हर मा-बाप अपनी बेटियों को शिक्षित करने के लिए उनके साथ खड़े रहते हैं। समारोह में अपर निदेशक एवं प्रधानाचार्य अनिल सहरावत संबोधित करते हुए संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट द्वारा संस्थान की गतिविधियों तथा उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस संस्थान को 82 वर्ष हो चुके है। इस संस्थान में 1576 छात्र/छात्राएं शिक्षा प्राप्ति कर रहे है। इस अवसर पर पूरे साल की कार्यकारिणी को मद्देनजर रखकर सर्वश्रेष्ठ विभाग का पुरस्कार इस वर्ष कम्प्यूटर इंजी. विभाग को, प्रथम श्रेणी के पुरस्कार से तेजपाल रावत, द्वितीय श्रेणी के पुरस्कार से विकल्प एवं सत्यम तिवारी को संयुक्त रूप से, अतिथि प्राध्यापक के पुरस्कार से सोहन लाल को, एचकेआरएन डीईओ के पुरस्कार से गीताजंलि को, सेवादार सतेन्द्र तिवारी, सफाई कर्मचारी व माली अनिल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंडिया लीड सिसको से इश्विन्द्र, राष्ट्रीय प्रमुख अखिलेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक तरूण शर्मा, जीएम राजकृष्ण भारद्वाज, प्रतीक शर्मा, डा. प्रवीण, सुमन, टीपीओ सुपर्णा रावत, विभागाध्यक्ष तेजपाल रावत, प्रवेश सागंवान, पंकज मलिक, सुनील कुमार, राजीव वर्मा, कर्मशाला अधीक्षक दिनेश सिंह मोर, वरिष्ठ प्राध्यापक किरण, कुलदीप गुलियां, विरेन्द्र संधू, प्रध्यापक हरिदास कटारिया, स्वीटी छिक्कारा, कमलेश, माधुरी, कुनाल व सभी प्राध्यापक एवं अतिथि प्राध्यापक उपस्थित रहे।



पुरस्कार देते हुए बीपीएस कुलपति।